मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-105
01/03/2021

बिहार विधानमंडल परिसर में मुख्यमंत्री ने की पत्रकारों से बातचीत

पटना, 01 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बिहार विधानमंडल परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कल स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक किया गया, जिसमें आज से होने वाले कोरोना टीकाकरण की तैयारियों के संबंध में समीक्षा की गई। कल ही हमने निर्णय लिया कि कोरोना का टीकाकरण आई0जी0आई0एम0एस0 में करवाने जाएंगे। आज वैक्सीनेशन के तीसरे चरण की वहीं से शुरुआत होगी। हमलोगों ने तय किया है कि बिहार में बिल्कुल फ्री वैक्सीनेशन होगा। सरकार की तरफ से इसको लेकर पूरी तैयारी की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि टीका सबको लेना चाहिये इसके लिए केन्द्र सरकार ने गाइड लाइन जारी किया है। पहले इसके लिए 50 वर्ष के ऊपर वालों को टीका देना था लेकिन अब 60 वर्ष के ऊपर उम्र वालों को टीका लेना है। साथ ही 60 वर्ष से 45 वर्ष के बीच के ऐसे लोगों को भी टीका लेना है, जो अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हैं। पत्रकार बंधुओं को भी बहुत जगह घूमना पड़ता है। हम हेल्थ डिपार्टमेंट से बातकर रहे हैं कि इनके टीकाकरण का भी इंतजाम करें। आप लोगों को भी टीकाकरण के लिये सभी को प्रेरित करना चाहिये।

शराबबंदी से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डी0जी0पी0 और मद्य निषेध विभाग के साथ बैठक में निरंतर कहा है कि अपने स्तर से और नीचे के स्तर से एक–एक चीज पर निगरानी रखें। अगर कहीं कोई शराब बेचता है और कोई खरीद रहा है तो इस चेन का पता लगाएं और इस पर सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि लोगों को भी इसके प्रति जागरुक करें। शराब के धंधे में यहां के और बाहर के जो लोग भी लिप्त हैं उनको आईडेंटीफाई किया जा रहा है और उन पर कार्रवाई भी हो रही है। ज्यादातर लोग तो सही होते हैं लेकिन कुछ लोगों की मानसिकता गलत होती है तो उस पर नजर रखना है। यहां के अधिकांश लोगों के मन में ये बात है कि शराब बुरी चीज है और इससे दूर रहना चाहिये लेकिन कुछ लोग इधर–उधर करते रहते हैं तो उनके विरुद्ध कार्रवाई होती है।

मुख्यमंत्री ने अपने जन्मदिन के अवसर पर शुभकामनाओं एवं बधाई देने के लिये सभी का आभार व्यक्त किया।

******